सार-समाचार

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल चोरी की दर्ज रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए चोरी की बाईक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी से पूछताछ के आधार पर चोरी की गई अन्य मोटरसाईकिल बरमाद की। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए आरोपियों की धरपकड़ हेतु समस्त थानो के थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। शहर एसपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी थाने में 10 मई को फरियादी जगमोहन मीना ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि वह रेलवे कर्मचारी है और ड्यूटी के दौरान वह मोटरसाइकिल को रेलवे अंडर पास के समीप डब्लूडी रेलवे कार्यलय के बाहर खड़ी करके गया था, और जब वह ड्यूटी से वापस आया तो मोटरसाईकिल चोरी हो गई जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिये पुलिस अपअधीक्षक गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन में रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी एवं मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र के समीप नाकाबंदी कर चोरी की बाईक सहित विज्ञान नगर निवासी सोनू उर्फ दीपक (26) को गिरफ्तार किया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से पुलिस टीम ने अनुसंधान करते हुए मालगोदाम के सामने खाली स्थान से एक अन्य चोरी की गई मोटरसाईकिल को भी बरामद किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

मादक पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडी एमए सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त किया है। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि शहर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए एक कार से अवैध मादक पदार्थ 5 ग्राम 400 मिलीग्राम मिथाईलीन डाईऑक्सी मेथाफेटामिन एमडी एमए बरामद हुआ। थानाधिकारी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ बरामद होने पर माल व कार को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए छावनी निवासी मोहम्मद तोफिक उर्फ राजा (26) को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट में पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद तोफिक उर्फ राजा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके पूर्व में हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखना नकबजनी सहित कई प्रकरणों में मामले दर्ज है। प्रकरण का अनुसंधान किशोरपुरा थाने के उपनिरीक्षक दुर्गा शंकर द्वारा किया जा रहा है। पकड़े गये आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिये कपड़े के थैले बांटे

कोटा, (निसं)। नयागांव रोझड़ी में रणबांका चौराहे पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के जन्मदिन के अवसर पर शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का अभियान शुरू किया गया। राजेन्द्र गुर्जर ने बताया कि इलाके के चौराहे पर लगने वाली सब्जीमण्डी में लोगो को 1000 से अधिक कपड़े के थैल बांटे गए और बाजार में आने वाली महिलाएं व पुरूषो को प्लास्टिक से बनी थैलियां का उपयोग नहीं करने की अपील की, साथ ही बाजार में सब्जी और खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारो को समझाईश की और थैली का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इन थैलियों से शहर के गली-मोहल्ले मे घूमने वाली गाये उन्हे खा लेती है और धीरे-धीरे उनके पेट में कई किलो प्लास्टिक जमा हो जाती है इस कारण उनकी मौत हो जाती है। राजेन्द्र गुर्जर ने कहा कि आने वाले दिनों में हमारा लक्ष्य पांच हजार से अधिक कपड़े की थैलियां समय-समय पर वितरित की जाएगी। इस अवसर पर राजेन्द्र गुर्जर, विनायक गुर्जर, पारस कंवर पूर्व पार्षद, बलवीर गुर्जर, अमित सेन, बुधराज मीणा, सोनू गुर्जर, नरोत्तम सैन, धमेन्द्र प्रजापति, राकेश वर्मा, नरेन्द्र महावर आदि लोग उपस्थित थे।

'मोबाइल में आए लिंक को न करें ओपन'

छबड़ा (निसं)। भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए साइबर अटैक से बचने पुलिस ने आमजन के लिए एडवायजरी जारी की है। विशेषज्ञों का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से तेजी से फैल रहे दुष्प्रचार के बारे में सतर्क रहना आवश्यक है। साइबर अपराधी समाचार एवं सूचनाओं से सबंधित विशेष अपडेट, संघर्ष या लीक हुए फुटेज के बहाने दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित कर रहे हैं। इन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से सरलता से आमजन तक भेजी जाती है। इसके लिए आमजन को जागरुक रहने की आवश्यकता है। कभी भी अनजान नंबर से भेजे गए वीडियो या फोटो फाइल को ओपन न करें। खुद भी ऐसे मैसेज या फाइल को कभी किसी अन्य को या किसी समूह को फॉरवर्ड न करें। केवल गूगल प्ले स्टोर या अधिकृत ऐप स्टोर से ही किसी एप को डाउनलोड करें। विवादित अपडेट या संवदेनशील फुटेज दिखाने का दावा करने वाले लिंक को ओपन न करें। यदि आप सोशल मीडिया के किसी ऐसे ग्रुप के सदस्य हैं, जहां भडकाऊ या असत्यापित मैसेज शेयर किए जाते हैं तो इससे तुरंत बाहर निकलें और ग्रुप डिलीट करें। भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अपडेट या सूचनाएं जानने के लिए केवल सत्यापित समाचार चैनल या मीडिया हैंडल का उपयोग करें।

निगम ने अतिक्रमण हटाये

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देशानुसार सोमवार को भीमगंजमण्डी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। नगर निगम कोटा उत्तर के अति.पुलिस अधीक्षक व अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि भीमगंजमण्डी स्टेशन क्षेत्र मे अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया गया और कार्यवाही के दौरान जेसीबी व अन्य संसाधनों के माध्यम से रोड़ पर लगे अवैध बॉडियों व दुकानों एवं ठेलो को हटाया गया और दुकानों के बाहर रोड़ पर रखे सामानों को जब्त कर अतिक्रमण मुक्त बनाया गया और इस दौरान संबंधित क्षेत्र खुला-खुला नजर आने लगा। साथ ही अतिक्रमणकर्ताओ को कार्यवाही के दौराना सख्त हिदायत देते हुए कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अतिक्रमणकर्ताओ द्वारा नही किया जाए। अन्यथा संबंधित के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही नियमानुसार की जाएगीं। कार्यवाही के दौरान सहायक अतिक्रमण प्रभारी हनुमाना राम व अतिक्रमण टीम व जाप्ता मौके पर उपस्थित रहे।

करंट की चपेट से युवक की मौत

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू ने बताया कि कैथूनीपोल निवासी जाकिर (26) आरकेपुरम इलाके के स्वामी विवेकानन्द नगर में एक निमार्णाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार के पास फैब्रिकेशन का काम कर रहा था। जाकिर दूसरी मंजिल से बिजली का तार नीचे डाल रहा था, उसी समय तार बिल्डिंग के सामने से गुजर रही विद्युत लाईन से टच हो गया। करंट की चपेट में आने से युवक नीचे गिर गया। जिसे उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

कोटा, (निसं)। कापरेन रेलवे स्टेशन के समीप चलती ट्रेन से गिरने से यात्री की मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। जीआरपी पुलिस ने बताया कि कापरेन स्टेशन के डाउन लाईन पर एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचन मिली। सूचना पाकर मौके पर गये मौके पर मृतक के पास मिले मोबाईल में उज्जैन से भरतपुर का रेल टिकिट बरामद हुआ है। मृतक की पहचान मदन मोहन शर्मा (32) के रूप में हुई। मृतक के परिजनों के कोटा पहुंचने पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। प्रथम दृष्टया से ट्रेन से गिरने के कारण मौत का मामला सामने आ रहा है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कुशवाह समाज की वार्षिक बैठक सम्पन्न

छबड़ा (निसं)। पचपाड़ा गांव मे सोमवार को कुशवाह समाज की वार्षिक बैठक समाज के रामजानकी मंदिर पर संपन्न हुई।मंदिर समिति अध्यक्ष गिर्राज कुशवाह ने बताया कि वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमे पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।

एम.डी. मिशन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व नर्सेज दिवस धूमधाम से मनाया

कोटा, (निसं)। श्री महर्षि दाधीच शिक्षा समिति, कोटा द्वारा संचालित एम.डी. मिशन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाईटेंगल का जन्म दिवस विश्व नर्सेज दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम पेश किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कॉलेज निदेशक राज दाधीच एवं विशिष्ट अतिथि महावीर प्रसाद सांवरिया नर्सिंग सुप्रिटेंडेट, एम.बी.एस. हॉस्पिटल कोटा, द्वारा माँ सरस्वती एवं फ्लोरेंस नाईटेंगल के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

विश्व नर्सिंग दिवस के उपलक्ष्य में प्रशिक्षणार्थियों ने दिनभर विभिन्न कार्यक्रम जैसे रंगोली, नाटय मंचन, सांस्कृतिक गुजराती, पंजाबी एवं राजस्थानी नृत्य के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिसमें नर्सिंग छात्राओं द्वारा सद्भावना संदेश दिया गया। इसके बाद नर्सिंग छात्राएं लविका, प्रीति, पलक एण्ड आरती ग्रुप एवं जिया एण्ड प्रेरणा ग्रुप, योगिता रितू ग्रुप, सुमन एण्ड सृश्टि ग्रुप ने राजस्थानी, पंजाबी, हरियाणवी लोक गीतों की पैरोडी पर नृत्य प्रस्तुत कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान जागरूकता पर सृष्टि एण्ड ग्रुप ने एवं फैलोरेंस नाईटेंगल के जीवन पर आधारित नाटक का तनिष्का एण्ड नीरज ग्रुप ने मंचन किया।

कोटा में एमडी मिशन कॉलेज के द्वारा नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज दाधीच द्वारा फ्लोरेंस नाईटेंगल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की नाईटेंगल ने किस तरह से पूरी लगन से गरीब असहायों की मदद की एवं सभी नर्सिंग छात्र-छात्राओं को नर्सिंग में ईमानदारी एवं लगन से काम करने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होने प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें समाज-सेवा करने के लिए भी प्रेरित किया। वर्तमान समय में देष की सीमा पर जवानों के लिए नर्सिंग क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को अपनी सेवा देने के लिए निस्वार्थ भावना से तैयार रहने का भी कहा।

अतिथियों एवं कॉलेज निदेषक ने सरकारी एवं निजी अस्पताल में नर्सिंग के क्षेत्र में समर्पित नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने वाले विभिन्न नर्सिंग ऑफिसर सिस्टर जेसिका, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, होली फैमिली हॉस्पिटल, कोटा, महेश गौतम, नर्सिंग अधीक्षक, न्यू मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, कोटा, जानसी मोल सेवास्टन, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी एम.बी.एस. हॉस्पिटल कोटा, प्रेमलता, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी जेके लॉन हॉस्पिटल कोटा, आषीश कुमार मेहरा नर्सिंग ऑफिसर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केशवपुरा कोटा, शिवशंकर माहौर, नर्सिंग ऑफिसर जैन सर्जिकल हॉस्पिटल कोटा, भावना आर्य, नर्सिंग ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दादाबाड़ी कोटा, प्रतिभा शर्मा सहायक नर्स मिडवाइफ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तलवंडी कोटा, मधुबाला पारेता, नर्सिंग ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खेड़ारसुलपुर कोटा, सिकन्दर बख्श नर्सिंग ऑफिसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैथुन, नीतेश वर्मा नर्सिंग ऑफिसर रामाकृष्णा मल्टीस्पेशलिटी एण्ड रिसर्च सेन्टर हॉस्पिटल कोटा, कुन्दन वशिष्ठ, नर्सिंग ऑफिसर श्रीहरि हॉस्पिटल कोटा को बधाई देते हुए नाईटेंगल अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।

निगम आयुक्त को पत्र लिखा

कोटा, (निसं)। आगामी समय में बरसात का मौसम आने वाला है और शहर में नाले व नालियों का हाल बेहाल है, ऐसे में फरीदुद्दीन सोनू कुरैशी उपमहापौर नगर निगम कोटा उत्तर ने आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर को पत्र प्रेषित कर कहा कि शहर में नालों की स्थिति बेहद खराब है। नगर निगम कोटा उत्तर में बारिश का दौर शुरू होने से पहले ही बाढ़ जैसे हालात हो गए है। शहर में नियमित सफाई नहीं होने के चलते शहर के निचले इलाको जैसे घण्टाघर, चश्मे की बावड़ी, चन्द्रघटा में हल्की सी बारिश में कचरा बहकर नालों को जाम कर रहा हैं, इस क्षेत्र के बड़े'' व पुराने नाले है, जो हल्की सी बारिश में उफान पर आ जाते है। जिससे शहर के निचले इलाको में बाढ़ की स्थिती बन जाती है, चश्में की बावड़ी का नाला शहर का बड़ा व पुराना नाला है जो कचरे से भरा पड़ा है, जिससे बारिश से पूर्व साफ करवाए जाने की आवश्यकता है। जिससे बारिश में जल भराव की समस्याएं उत्पन्न ना हो और आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनहित में शहर के समस्त नाले-नालियां की साफ-सफाई एवं मरम्मत करवाए जाने की आवश्यकता है, जहां सफाई की जा रही है वहां केवल खानापूर्ति हो रही है।

पॉवरलिफ्टिंग में कोटा की ऋचा जैन ने रचा इतिहास, भारत को दिलाए तीन स्वर्ण पद

कोटा, (निसं)। थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित आईबीएफएफ वर्ल्ड पॉवरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप-2025 में भारत की प्रतिनिधि बनकर उतरीं ऋचा जैन ने 74 किलोग्राम वर्ग में भाग लेते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया और तीनों वर्गों-स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम गौरव से ऊंचा कर दिया।

ऋचा जैन मूल रूप से कोटा, राजस्थान की निवासी हैं। वह कैनाल रोड़, गुमानपुरा क्षेत्र की रहने वाली हैं और पानाचंद जैन की पोती हैं। उनके पति अभिषेक जैन ने बताया कि ऋचा ने इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए वापी,गुजरात में रहकर कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ तैयारी की थी। अभिषेक ने बताया कि यह प्रतियोगिता पूर्ण पॉवरलिफ्टिंग प्रारूप में थी, जिसमें तीनों लिफ्ट-स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट शामिल थीं, और ऋचा ने सभी में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। ससुर सुंदर लाल जैन ने

ऋचा जैन

बताया कि यह प्रतियोगिता 11 मई 2025 को थाईलैंड के पत्ताया शहर में आयोजित की गई थी, जिसमें भारत सहित 8 से 10 देशों ने भाग लिया। महिला वर्ग में ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, मलेशिया, ओमान और अन्य देशों की एथलीट्स भी मैदान में उतरी थीं, लेकिन ऋचा जैन ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को पीछे छोड़ दिया। ऋचा जैन ने 74 किलोग्राम वज़न वर्ग की 'मास्टर श्रेणी' में भारत का प्रतिनिधित्व किया और स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट तीनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने स्क्वाट में 105 किग्रा, बेंच प्रेस में 57.5 किग्रा, डेडलिफ्ट में 145 किग्रा का भार उठाकर कुल 307.5 किग्रा भार के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की। ऋचा के इस स्वर्णिम प्रदर्शन से कोटा, गुजरात और सम्पूर्ण भारत में खुशी की लहर है। उनके ससुर सुंदरलाल जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार और समाज के लिए अत्यंत गर्व की बात है।

उन्होंने बताया कि ऋचा पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं और उनकी मेहनत व लगन ने उन्हें आज यह अंतरराष्ट्रीय सफलता दिलाई है। यह जीत न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह भारत की महिलाओं की शक्ति, संकल्प और समर्पण का प्रतीक है।

ध्यान साधना शिविर शुरू

कोटा, (निसं)। सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के तत्वावधान में कोटा शहर में एक अभूतपूर्व और नवीन दृष्टिकोण वाला ध्यान साधना शिविर शुरु हुआ। जिसने आध्यात्मिकता को केवल प्रवचनों की सीमाओं से निकालकर व्यवहारिक प्रयोगों के रूप में प्रस्तुत किया है। यह शिविर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित हो रहा है और 2500 से अधिक लोगों की भागीदारी के साथ यह आयोजन एक ऐतिहासिक रूप में सामने आया।

शिविर का समापन 15 मई को प्रात:कालीन सत्र के साथ होगा। सहयोगी संस्था रोटरी क्लब कोटा के अध्यक्ष मुकेश व्यास ने इसे कोटा शहर के लिए एक परिवर्तनकारी पहल बताया। उन्होंने कहा, यह सिर्फ ध्यान का शिविर नहीं था, बल्कि आत्मशक्ति और शरीर की ऊर्जाओं को समझने और नियंत्रित करने का एक वैज्ञानिक तरीका भी था। पूरे स्टेडियम में ऊर्जा और उत्साह की लहर साफ महसूस की जा सकती थी। इस आयोजन के पीछे एलन मानधना परिवार की प्रेरणा विशेष रही। परिवार के वरिष्ठ सदस्य गोविंद माहेश्वरी ने बताया कि पूज्य परम आलय जी के सान्निध्य में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य था। सम्यक् आहार, सम्यक् व्यायाम और सम्यक् ध्यान के माध्यम से शरीर को भीतर से स्वस्थ बनाना। नाभि झटका जैसी विधियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से यह अनुभव कराया गया कि शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कैसे बढ़ता है और इम्यून सिस्टम किस तरह से सशक्त होता है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी संस्था भारत विकास परिषद सुभाष शाखा की भूमिका भी उल्लेखनीय रही। शाखा के प्रमुख जितेंद्र गोयल ने कहा, हमारी संस्था का सदैव प्रयास रहता है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक ऐसी सकारात्मक ऊर्जा पहुँचे जो जीवन को दिशा दें।

शिक्षा मंत्री दिलावर के जन्मदिवस पर 978 यूनिट रक्तदान

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी विधानसभा क्षेत्र कोटा में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने श्री अग्रसेन धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: 9 बजे शिविर के शुभारंभ के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

शिविर में इस कदर रक्तदाता आ रहे थे कि ब्लड डोनेशन के लिए लगाई गई टेबल भी कम पड़ रही थी। लोगों को अपनी बारी आने के लिए इंतजार करना पड़ रहा था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बॉर्डर जिलों के सभी प्रभारी मंत्री अपने-अपने प्रभार के जिले में आपात तैयारी की समीक्षा करने के लिए गए है। मंत्री दिलावर फलोदी जिले के प्रभारी मंत्री हैं जो अति-संवेदनशील जिला है। गत दिनों पाकिस्तान ने वहां हमला करने की कोशिश भी की थी। इसके चलते मंत्री दिलावर मुख्यमंत्री के निर्देश पर रात को ही फलौदी निकल गए थे और आज शिविर में उपस्थित नहीं हो सके। किंतु मंत्री दिलावर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फलोदी से कोटा शिविर से जुड़कर शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। मंत्री दिलावर बोले की मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार में तुरंत रात्रि में ही फलोदी आ गया। देश सेवा से बड़ा कुछ भी नहीं है।

इसलिए आपात स्थितियों की समीक्षा और तैयारी का जायजा लेने के लिए मैं फलोदी पहुंचा हूं। किंतु आपकी देश सेवा मेरी देश सेवा से भी बड़ी है क्योंकि आप बडी संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंदों को प्राण-दान दे रहे हैं जो की अमूल्य है। रक्तदान भी देश सेवा का बड़ा काम है। आपात स्थितियों में आपका रक्तदान लोगों की जान बचाने में काम आएगा। आपका हृदय से आभार प्रकट करता हूं। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी अजय मेघवानी ने बताया कि दो दिन पहले शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर को कोटा प्रवास के दौरान बताया गया था कि कोटा शहर में दो सरकारी ब्लड बैंक महाराव भीम सिंह चिकित्सालय एवं नवीन चिकित्सालय में रक्त की काफी कमी है।

मरीजों की तुलना में रक्त की उपलब्धता नहीं है। इस पर मंत्री ने तुरंत अपने सहयोगियों और कार्यकर्ताओं को रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए कहा, जिस पर दो दिन के अंदर उनके जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर करने का आवाहन किया गया और आज रक्तदान के लिए उनके कार्यकर्ता, समर्थक व प्रशंसक उमड़ पड़े और इतना रक्तदान किया की रक्त संग्रह करने वाली टीमें थक गई। लेकिन रक्तदाताओं का जोश काम नहीं हुआ। शाम 6 बजे तक भी रक्तदान करने वाले पहुंच रहे थे। शिविर में कुल 978 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। रक्तदान शिविर के आयोजन में हिंदुस्तान स्काउट गाईड जिसके एक शिक्षा मंत्री पदेन अध्यक्ष हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षक संघ राष्ट्रीय, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन, स्कूल शिक्षा परिवार,भारत स्काउट गाइड, एनसीसी कैडेट्स, एलबीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स, शिव जयोती कॉन्वेंट स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कोटा, मां भारती कॉलेज सहित अन्य स्वयंसेवी संगठनों, समर्थकों और स्वयंसेवी रक्तदाताओं का सहयोग रहा।

खोया पाया

मेरा रजिस्ट्रीशुदा भूखंड संख्या C-343 जिसकी पैमाईश 112.50 वर्गमीटर है जो आवासीय देवनारायण आवासीय योजना कोटा में स्थित है जिसका पट्टा प्रलेख का पंजीयन उप पंजीयन कार्यालय में करवाना शेष था कही खो गया है जो कही भी रहन बेय आदि उपयोग में नहीं लिया है जिसे मिले पहुंचायें:-**कविता यादव अशोक यादव 264 श्रीनाथपुरम-A कोटा मो. 9649765454**

राजस्थान सरकार
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग कोटा खण्ड कोटा

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 37/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र श्रीलाल अग्रवाल निवासी 11-ए तलवण्डी द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अंतर्गत प्रन्यास "सुधा हास्पिटल चेरिटेबल ट्रस्ट" तलवण्डी कोटा में प्रन्यासियों में हुए परिवर्तन को प्रन्यास में दर्ज अभिलेख करने हेतु जांच किए जाने के लिए प्रपत्र संख्या 8 में आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधित विधान जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 30 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

और सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित प्रक्रिया अनुसार निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रपत्र मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण में आगामी सुनवाई की दिनांक 11.06.2025 है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 343 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 12.5.25

आवास संख्या 2/431 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री रमेश चन्द शर्मा पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शर्मा को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती चन्द्रकान्ता शर्मा पत्नी श्री बाबू लाल शर्मा के नाम दिनांक 02.08.2002 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती चन्द्रकान्ता शर्मा पत्नी श्री बाबू लाल शर्मा द्वारा दिनांक 12.03.2003 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती चन्द्रकान्ता शर्मा पत्नी श्री बाबू लाल शर्मा द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 16.06.2023 को मुख्तार आम आलेखित कर श्री अनिरुद्ध कौशिक पुत्र श्री अजय कौशिक को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री अनिरुद्ध कौशिक पुत्र श्री अजय कौशिक मुख्तार आम श्रीमती चन्द्रकान्ता शर्मा पत्नी श्री बाबू लाल शर्मा द्वारा मुख्तार आम की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 30.10.2023 को श्री रितेश गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता को किया गया। श्री रितेश गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2/431 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रितेश गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रितेश गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री रितेश गुप्ता पुत्र श्री मदन लाल गुप्ता के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा उत्तर (राज.)

क्रमांक:-ननिकोउ/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/1817 दिनांक: 12.5.25

स्वामित्व हस्तान्तरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भूषण भंडारी पुत्र स्व. श्री भूपेन्द्र भंडारी निवासी भूखंड संख्या बी-162 पवन कुंज वल्लभबाडी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा उत्तर में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 162 वल्लभबाडी कोटा क्षेत्रफल 6000 वर्गफुट एवं उक्त भूखंड से लगी भूपट्टी क्षेत्रफल 3150 वर्गफुट कुल क्षेत्रफल 9150 वर्गफुट में से 6480 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 162 वल्लभबाडी कोटा क्षेत्रफल 6000 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डा कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 186 दिनांक 31.11.1962 से श्री आर.सी. भाटिया पुत्र श्री मूलचन्द को किया गया। तत्पश्चात कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा उक्त भूखंड से लगी भूपट्टी क्षेत्रफल 3150 वर्गफुट का आवंटन श्री आर.सी. भाटिया पुत्र श्री एम.सी. भाटिया को किया गया। श्री आर.सी. भाटिया ने जर्ये जनरल पावर ऑफ अर्टोनी दिनांक 04.02.1987 से श्री कृष्ण स्वरुप पारेता पुत्र श्री हरिहर नाथ पारेता को उक्त भूखंड एवं भूपट्टी का मुख्तार आम नियुक्त कर दिया। श्री कृष्ण स्वरुप पारेता ने उक्त भूखंड एवं भूपट्टी कुल क्षेत्रफल 9150 वर्गफुट में से 1262 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.09.1987 से व 1225 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.09.1987 से एवं 1587 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.09.1987 और 1181 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.09.1987 से श्री भूपेन्द्र पुत्र श्री आनन्द मल को विक्रय कर दिया तथा 1225 वर्गफुट भाग जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.09.1987 से श्री भूषण भंडारी पुत्र श्री भूपेन्द्र नाबालिग जर्ये कुदरती वली पिता स्वयं श्री भूपेन्द्र पुत्र श्री आनन्द मल को विक्रय कर दिया। श्री भूपेन्द्र भंडारी का देहावसान दिनांक 06.03.2025 को हो जाने के उपरांत उक्त भूखंड एवं भूपट्टी कुल क्षेत्रफल 9150 वर्गफुट में से श्री भूपेन्द्र द्वारा